भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2550 का उत्तर

रेलवे स्टेशनों पर नि:शुल्क वाई-फाई कनेक्शन

2550. श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री नवसकनी के.;
श्री जी. सेल्वम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर नि:शुल्क वाई-फाई कनेक्शन उपलब्ध करा रही है और यदि हां, तो तमिलनाडु के उन स्टेशनों का ब्यौरा क्या है जहां यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है;

(ख) क्या प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर लगाए गए कई नि:शुल्क वाई-फाई कनेक्शन काम नहीं कर रहे हैं, जिससे रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार देश के अन्य सभी रेलवे स्टेशनों पर इस निःशुल्क वाई-फाई सुविधा का विस्तार करने के लिए कदम उठा रही है;

(घ) क्या सरकार अगले चार से साढ़े चार वर्षों में ट्रेनों के अंदर भी वाई-फाई सेवा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) इस सुविधा को संभव बनाने के लिए कितने टावरों और उपकरणों की आवश्यकता है; और

(च) क्या ट्रेनों के अंदर वाई-फाई सेवा से ट्रेन के डिब्बों के अंदर सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिलेगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेलवे स्टेशनों पर नि:शुल्क वाई-फाई कनेक्शन के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री सी. एन. अन्नादुरई, श्री नवसकनी के. और श्री जी. सेल्वम के अतारांकित प्रश्न सं. 2550 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): भारतीय रेल पर गाड़ियों एवं रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का उन्नयन/सुधार सतत् और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। तदनुसार, यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 6112 स्टेशनों पर वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है, जिसमें तमिलनाडु राज्य के 415 रेलवे स्टेशन शामिल हैं। जब कभी स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा के कार्य करने से संबंधित समस्या आती है तो रेल प्रशासन द्वारा तत्काल उचित कार्रवाई की जाती है।

******